हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 322 देहरादून रविवार 15 फरवरी 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह गरिमामय रूप से संपन्न

**"डिग्री के साथ मानवता की सेवा का दायित्व भी जुड़ा है"- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा**

**"युवा शक्ति ही उत्तराखंड और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत"- मुख्यमंत्री धामी**

देहरादून संवाददाता. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जॉलीग्रांट स्थित स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में क्रमश: मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न संकायों में डिग्री प्राप्त करने वाले 1001 छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दीक्षांत केवल एक शैक्षणिक पड़ाव नहीं, बल्कि जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है। डिग्री के साथ मानव निर्माण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के अगले 25 वर्ष विकसित भारत के निर्माण के निर्णायक वर्ष होंगे, जिनमें आज के युवा साक्षी ही नहीं, कर्ताधर्ता भी



बनेंगे। प्राप्त शिक्षा का उपयोग मानवता, गरीब और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए करने का आह्वान उन्होंने किया। केंद्रीय मंत्री ने विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान मानव सेवा, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा हैउन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्धियों, आयुष्मान भारत योजना, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार, टीबी-मलेरिया-डायरिया उन्मूलन में प्रगति और कैंसर के अर्ली डिटेक्शन जैसी पहलों को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने संबोधन करते हुए सभी डिग्री प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की युवा शक्ति राज्य की सबसे बड़ी ताकत है और स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय ने शिक्षा, चिकित्सा और जनसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, टेलीमेडिसिन, पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में केंद्र सरकार और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का उल्लेखनीय सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी जी के उत्तराखंड के तीसरे दशक" की अवधारणा के अनुरूप उत्तराखंड में विकास कार्य संपादित किया जा रहे हैं। उन्होंने रिवर्स पलायन, राज्य के जल- जंगल बचाने के लिए लिए गए ठोस निर्णयों, दूरस्थ क्षेत्रों तक सड़क-बिजली-इंटरनेट कनेक्टिविटी की पहुंच, पर्यटन विकास, एसडीजी रैंकिंग, मत्स्य विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हो रहे सकारात्मक बदलावों की से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और संवेदनशीलता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें, ताकि उनके कार्यों में करुणा, मानवता और सेवा की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। राज्य के शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तराखंड मानव संसाधन से लेकर और संरचनात्मक सभी स्तर पर बेहतर कार्य कर रहा है और केंद्र सरकार से उत्तराखंड को स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास में लगातार अनुकरणीय सहयोग मिलता रहा है।

## पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर मंत्री गणेश जोशी ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी

देहरादून संवाददाता. सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर सैनिक कल्याण निदेशालय में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने वीर शहीदों को नमन करते हुए पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में देश ने अपने 40 वीर जवानों को खोया था, जिसकी पीड़ा आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में जीवित है। उन्होंने कहा कि देश अपने वीर शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलवामा हमले के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने



कहा कि बालाकोट एयर स्ट्राइक भारत की सैन्य शक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, जिसके बाद शत्रु राष्ट्र भारत की ताकत को हल्के में लेने की भूल नहीं करेगा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसी भी शहीद को हम वापस नहीं ला सकते, लेकिन उनकी वीरता और बलिदान की गाथाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदनशील रहें और हरसंभव सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों में उत्तराखंड के दो वीर सपूत भी शामिल थे। उत्तराखंड की वीरभूमि सदैव अपनी सैन्य परंपरा और शौर्य के लिए जानी जाती रही है। यहां के जवानों का साहस और बलिदान पूरे देश के लिए प्रेरणा है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार शहीदों के सम्मान और उनके परिजनों की सहायता के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही है और सरकार उनके साथ हर परिस्थिति में खड़ी है।

### तुगलक के मंचन ने लूटा दर्शकों का दिल

देहरादून संवाददाता. देश की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) नई दिल्ली की ओर से हिमालयन कल्चरल सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य समारोह 'भारंगम' में शनिवार को लोक कला संस्कृति केंद्र गढ़वाल विश्वविद्यालय ने तुगलक नाटक का मंचन किया। समारोह में तुगलक नाटक का मंचन किया गया, जिसका निर्देशन एनएसडी से प्रशिक्षित महेंद्र कुमार ने किया। नाटक में मोहम्मद बिन तुगलक के शासन की दूरदर्शिता, असफल योजनाओं और जनता से बढ़ती दूरी को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।मंचन में शिवम, मेघा, सोमिल, शिवम यादव, कार्तिकेय खट्टर, विकेश बाजपेई, गौरव नेगी, ईशान अली, आदित्य कुमार, अर्जुन राणा, प्रशांत थप्लियाल और अरविंद टमटा सहित छात्रों ने अभिनय किया।

### संक्षिप्त समाचार...

**मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं**

देहरादून संवाददाता.मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाशिव रात्रि का पावन पर्व शिव एवं शक्ति की आराधना का पर्व है। यह पर्व हमें प्रेम, एकता और आध्यात्मिक जागरण की प्रेरणा देता है। भगवान शिव की असीम कृपा सभी प्रदेशवासियों पर हमेशा बनी रहे और प्रदेश उन्नति एवं खुशहाली के पथ पर हमेशा आगे बढ़ता रहे, इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

**नालापानी इंटर कॉलेज में शौचालय ब्लॉक का लोकार्पण**

देहरादून संवाददाता. रायपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज नालापानी में शनिवार को सीएसआर के तहत छात्र-छात्राओं के लिए नए शौचालय ब्लॉकों का जीर्णोद्धार कर विद्यालय को सौंपा गया। यह कार्य यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड और सेंटर फॉर यूथ डेवलपमेंट एंड एक्टिविटीज ने करायाइस अवसर पर विद्यालय परिवार ने दोनों संस्थाओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे विद्यालय में स्वच्छता व सुविधाएं बेहतर होंगी।

**डॉ भीमराव अंबेडकर महामंच ने किया कांग्रेस कार्यालय कूच**

देहरादून संवाददाता. डॉ भीमराव अंबेडकर महामंच के आह्वान पर शनिवार को राजधानी में एक विशाल रैली की गई। रैली का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी के प्रदेश मुख्यालय का घेराव करना था, लेकिन भारी पुलिस बल ने कनक चौक पर बैरिकेडिंग लगा कर भीड़ को आगे बढ़ने से रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि प्रदेश में सामाजिक समरसता और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखा जाए, पिछड़े व दलित वर्ग के हितों की अनदेखी पर कांग्रेस स्पष्ट जवाब दे।

# सम्पादकीय

## सेल बड़ी छलांग की ओर : बेहतर वित्तीय सूझबूझ से 200 लाख टन बिक्री का तय किया नया लक्ष्य

भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), भविष्य के लिए एक नई और मजबूत योजना पर काम कर रही है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारना और बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना है। सेल का सबसे बड़ा लक्ष्य अपने ऋण को कम करना है। इससे कंपनी के पास भविष्य के बड़े निवेशों के लिए ज्यादा पैसा और आजादी होगी। कंपनी अपनी उत्पादन लागत को कम करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर ध्यान दे रही है ताकि मुनाफा बढ़ाया जा सके। सेल अपनी पहुंच बढ़ा रही है ताकि देश में स्टील की बढ़ती मांग का फायदा उठाया जा सके। कंपनी ने अपनी इस तरक्की को मापने के लिए एक लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2024-25 में जहां बिक्री 179 लाख टन रही, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में इसे बढ़ाकर के लिए 200 लाख टन का लक्ष्य तय किया गया है।

वित्तीय सूझबुझ और दूरदर्शिता की यह गूंज वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान की अर्निंग्स कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान भी सुनाई दी, जहां निदेशक (वित्त) एवं निदेशक वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ. ए.के. पंडा ने कंपनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उल्लेख किया कि ऋण में कटौती काफी महत्वपूर्ण रही है, जिसमें अप्रैल-दिसंबर 2025 की नौ महीने की अवधि के दौरान ?5,000 करोड़ का ऋण चुकता किया गया है। पिछले साल 31 दिसंबर, 2025 तक ऋण ?24,852 करोड़ था, जिसके बाद जनवरी 2026 में ?2,000 करोड़ की और कमी आई। इस अनुशासित ऋण कटौती ने वित्त लागत को कम किया है और विकास निवेशों के लिए अवसर पैदा किए हैं। डॉ. पंडा ने बताया, परिचालन दक्षता, इन्वेंट्री लिक्विडेशन, लागत अनुकूलन और मजबूत ट्रेजरी प्रबंधन इत्यादि ने मिलकर बेहतर वित्तीय प्रबंधन को संभव बनाया है।कंपनी की रणनीति ने पहले ही परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। कंपनी की सक्रिय मार्केटिंग पहलों और खुदरा एवं नए ग्राहक समूहों के साथ गहरे जुड़ाव के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की नौ महीने की अवधि (अप्रैल25 - दिसंबर25) में बिक्री की मात्रा में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रयास ने अप्रैल 25 - जनवरी 26 के बीच कुल बिक्री को 16.6 मिलियन टन तक पहुँचा दिया, साथ ही महत्वपूर्ण इन्वेंट्री परिसमापन को भी सक्षम बनाया। सेल ने इन-प्रोसेस और तैयार स्टील स्टॉक दोनों को कम करके, सेल ने नकदी प्रवाह को बढ़ाया है और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को कम किया, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई।कंपनी लागत कम करने के लिए ऑपरेशनल लिवर्स को भी तेज किया जा रहा है। सालाना मैनपावर में कमी से प्रति टन कार्मिक लागत दक्षता में लगातार सुधार हो रहा है। इसके साथ ही, सेल अनुपालन की जरूरतों के साथ-साथ लागत कम करने के लिए भी अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे ऊर्जा व्यय में संरचनात्मक बचत हो रही है। ये उपाय प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करते हुए कंपनी के व्यापक स्थिरता एजेंडे के साथ मेल खाते हैं।कंपनी के भविष्य के विजन पर सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ. ए.के. पंडा ने कहा: कंपनी कर्ज कम करके, इन्वेंट्री की अधिक कुशलता से प्रबंधन करके और केंद्रित मार्केटिंग पहलों के मध्यम से अपनी पहुंच का विस्तार करके, विस्तारीकरण की तैयारी के साथ-साथ अपनी नींव को मजबूत कर रहा है।

## परमाणु विनाश का खतरा

परमाणु अस्त्रों की होड़ से बचने के लिए संधि की शुरुआत 1970 के दशक से हुई। तब से हमेशा किसी ना किसी संधि का अस्तित्व रहा। मगर अब ऐसा नहीं है। इससे परमाणु हथियारों और मिसाइलों की नई होड़ का रास्ता साफ हो गया है।पांच दशक में ऐसी स्थिति पहली बार आई है, जब दुनिया में परमाणु युद्ध का खतरा टालने की किसी संधि का अस्तित्व नहीं है। चार फरवरी को अमेरिका और रूस के बीच मौजूद न्यू स्टार्ट (स्ट्रेटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी) की अवधि समाप्त हो गई। रूस ने अमेरिका से नई संधि होने तक न्यू स्टार्ट की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने उसे नजरअंदाज कर दिया। इस तरह अमेरिका और रूस अब असीमित संख्या में परमाणु हथियारों की तैनाती के लिए स्वतंत्र हैं। 2010 में हुई न्यू स्टार्ट के तहत दोनों देशों ने अधिकतम 1550 परमाणु अस्त्रों की तैनाती की सीमा तय की थी।साथ ही प्रावधान था कि दोनों देश एक दूसरे की तैनाती के ठिकानों या अन्य परमाणु ठिकानों का निरीक्षण कर सकेंगे। इसके तहत अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों और पनडुब्बी से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती की संख्या भी तय थी। परमाणु अस्त्रों की होड़ से बचने के लिए संधि की शुरुआत 1970 के दशक से हुई। तब से हमेशा किसी ना किसी संधि का अस्तित्व रहा। मगर अब ऐसा नहीं है।

# नई परतों की नई सुर्खियों में ट्रंप बैचेन

हरिशंकर व्यास

चाहे तो इसे पतनगामी पूंजीवाद का मकड़जाल कहें या अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष का कालजयी सत्व-तत्व! मनुष्य आदिकाल से पैसे (पॉवर, अर्थ) और सेक्स (काम-भोग) की वासना में जन्म-जन्मांतर चक्र में खपा चला आ रहा है। इसी से धर्म व मोक्ष के फलसफे गढ़े। बावजूद इसके ताजा सुर्खियां चौंकाने वाली है। पहली बार सेक्स-पॉवर की धुरी का वैश्विक तानाबाना खुला है। आज जेफरी एपस्टीन दुनिया का नंबर एक चर्चित चेहरा है। पहली बार अदालती दस्तावेजों से सत्ता, पूंजी और यौन-शोषण का इतना गहरा और पसरा नेटवर्क उभरा है।एपस्टीन सिर्फ फाइनेंसर, यौन अपराधी और मानव तस्कर नहीं था। वह उस नेटवर्क का रचयिता था, जो राष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री, राजकुमार, खरबपति और वैश्विक प्रभावशाली कुलीनों, एलिट की भूख का सप्लायर था। वह संपर्कों, यात्राओं और संवादों से वह सब करता हुआ था जो आमतौर पर देशों की राजधानियों में सिमटे सत्ता-दलालों का पैमाना रहा है। पहली बार मालूम हुआ कि अमेरिका यदि दुनिया को नचाता है तो अमेरिकी दलाल भी दुनिया को नचाते हैं। इनकी वह वैश्विक, बहुराष्ट्रीय मंडी है, जिससे तमाम देशों के नेताओं की भूख पूरी होती है। और यह महज अफवाह या खोजी पत्रकारिता की सनसनी नहीं है, बल्कि अदालतों और जांच एजेंसियों के दस्तावेजों से उद्घाटित है।सो, एपस्टीन केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उस व्यवस्था, उस भूख का प्रतीक है, जिसमें पैसा, प्रभाव और वासना एक-दूसरे को पोषित करते हैं। एपस्टीन इस तंत्र का केंद्रीय संचालक था। और वह अपराधी भी करार हुआ। जेल में ही उसने आत्महत्या की।शुक्रवार को अमेरिका के न्यायिक विभाग ने 35 लाख से अधिक पेज और हजारों फोटो और वीडियो सार्वजनिक किए। सब जेफरी एपस्टीन और उसकी सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल के सेक्स-रैकेट नेटवर्क की जांच से जुड़े हैं। इन दस्तावेजों में इलेक्ट्रॉनिक संदेश, फ्लाइट लॉग, बैंक रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। और उसके कारण अमेरिका में सर्वाधिक फोकस में राष्ट्रपति ट्रंप लगातार हैं। उनके एपस्टीन के साथ रिश्तों का तानाबाना और खुला है।शायद इसी कारण अमेरिकी न्याय विभाग ने सभी दस्तावेज जारी नहीं किए। उसने खुद बताया है कि और भी दस्तावेज फाइलों में हैं, मगर उन्हें जारी नहीं किया जाएगा। यदि अमेरिका की संसद अपने कानूनी अधिकारों से जस्टिस विभाग को मजबूर नहीं करती, तो शुक्रवार के दस्तावेज भी सार्वजनिक नहीं होते। इसलिए आगे ट्रंप प्रशासन की मुश्किलें बढ़ेंगी। जस्टिस विभाग ने ट्रंप या उन जैसी वैश्विक हस्तियों को बचाने के लिए दस्तावेजों के महत्वपूर्ण अंश, जैसे गवाहों के बयानों पर काली स्याही पोतकर उन्हें पब्लिक से ओझल किया।मतलब नाबालिग या कम उम्र की यौन पीड़िता ने गवाही में अपना जो बयान दर्ज कराया, उसके पूरे पेज को काली स्याही से पोत दिया। इस तरह स्याही से नाम, गवाही सब मिटा दिए गए। मतलब नेटवर्क के उजागर हुए कोई बीस-पच्चीस दलालों, सप्लायरों में किसने क्या किया और यौन-शोषण की शिकार महिलाओं ने क्या बयान दिए, सब काली स्याही में छुपाकर जस्टिस विभाग ने दस्तावेज जारी किए हैं।सो, अमेरिकी कांग्रेस और खासकर डेमोक्रेट सांसदों ने न्यायिक विभाग पर आरोप लगाया है कि पहले तो उसने कानूनी समयसीमा की पालना नहीं की। फिर फाइलों को पूरी और बिना काले अक्षरों (ह्वठ्ठह्म्द्गस्रड्डष्ह्लद्गस्र) के रूप में जारी नहीं किया, ताकि पावरफुल लोगों की पहचान दबी रहे। उस नाते कह सकते हैं कि कहानी तो अभी शुरू हुई है।अमेरिकी मीडिया में यह बहस चली हुई है कि फाइलों के सार्वजनिक किए जाने के बावजूद कितने लाख कागज, फोटो, वीडियो न्यायिक विभाग ने दबाए हुए हैं? कितनी सच्चाई और गवाही सामने आई है और कितनी छिपी हुई है?ईमेल दस्तावेजों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम बार-बार है। इन्हें ट्रंप ने डेमोक्रेट नेताओं की साजिश कहकर खारिज किया है। ताजा दस्तावेजों के हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों में बिल गेट्स, ट्रंप के वाणिज्य मंत्री, ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर, इलॉन मस्क आदि कई नाम हैं।निश्चित ही जिक्र से यह निष्कर्ष नहीं निकलता है कि ये सभी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे थे, मगर यह भी तथ्य है कि भंडाफोड़ होने के खतरे के चलते ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर ने पहले ही पदवी छोड़ दी। एपस्टीन द्वारा प्रिंस को भेजी गई यौन शोषण की शिकार महिला ने कहा है कि उन्हें पूर्व प्रिंस के साथ सेक्स के लिए ब्रिटेन भेजा गया था। इस महिला के वकील ने एपस्टीन के वैश्विक नेटवर्क की शिकार दो सौ से ज्यादा यौन पीड़िताओं के मामले देख रहे हैं। उन्होंने वर्जीनिया जियुफ्रे का भी केस लड़ा, जिसका आरोप था कि सन् 2001 में, जब वह 17 साल की थीं, तब उन्हें लंदन लाया गया ताकि वह पूर्व प्रिंस की भूख पूरी कर सकें।जेफरी एपस्टीन को सबसे पहले 2008 में फ्लोरिडा में 14 साल की लड़की से सेक्स के लिए उकसाने के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसने अपनी सजा जुलाई 2010 में पूरी की। बीबीसी के अनुसार, एपस्टीन ने तब कई महिलाओं को व्यावसायिक उड़ानों और अपने निजी जेट्स के जरिए ब्रिटेन पहुंचाया था।सो, जेफरी एपस्टीन का कारनामा, वैश्विक नेटवर्क का ही नहीं है। इस कहानी के और भी पहलू है। अमेरिकी मीडिया में कहा जा रहा है कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद की बदौलत एपस्टीन का साम्राज्य बना। अमेरिका में यहूदी ताकत का वह एक प्रतिनिधि चेहरा था। इसलिए पश्चिम एशिया की क्षेत्रीय राजनीति, ईरान बनाम सऊदी अरब की भू-राजनीति से लेकर मालदीव के राष्ट्रपति द्वारा चुनाव के लिए एपस्टीन से गुहार, आदि के ऐसे असंख्य किस्से हैं, जिससे मालूम होता है कि दुनिया वैसे ही चलती हुई है जैसे भारत में लुटियन दिल्ली के नेटवर्क रहे है।बावजूद एपस्टीन ने सालों तक जितना बड़ा यौन तस्करी नेटवर्क चलाया है तथा वह देशों/शक्तिशाली व्यक्तियों से लगातार जुड़ा रहा, वह भूमंडलीकृत दुनिया से विकसित अजूबा था। खासकर इसलिए कि वैश्विक मीडिया की सक्रियता के बावजूद कभी किसी को भनक नहीं लगी। एपस्टीन मूलतः पूंजीपति फाइनेंसर था। वित्तीय करियर में उसने अमीर, शक्तिशाली और प्रसिद्ध लोगों के साथ सेक्स के जरिए वैश्विक सामाजिक नेटवर्क बनाया। 2008 में उसे कम उम्र की लड़कियों के साथ यौन गतिविधि के लिए अदालत ने दोषी ठहराया था। बावजूद इसके वह रूका, थमा नहीं। जेल से छूटने के बाद उसने रुतबा बनाया। 2019 में वह फेडरल नाबालिग यौन तस्करी के आरोपों में गिरफ्तार हुआ। अदालत फैसला सुनाने ही वाली थी कि उसने 2019 में जेल में आत्महत्या की।कैसा अजब मामला है जो अमेरिका की व्यवस्था यानी अदालत, संसद, मीडिया आदि से इस वैश्विक नेटवर्क की परतें तब खुलती हुई हैं, जब ट्रंप का पहला कार्यकाल था; या अब दूसरा कार्यकाल है। मेरा मानना है कि नई परतों की नई सुर्खियों ने ट्रंप को बैचेन तो किया होगा। तभी जिस दिन न्यायिक विभाग ने दस्तावेज सार्वजनिक किए, उसी दिन ध्यान बंटाने के लिए अमेरिकी पत्रकारिता का एक जाना-माना पत्रकार एक बेहूदा मामले में गिरफ्तार हुआ। सो, संभव है कि राष्ट्रपति ट्रंप नई सुर्खियों के लिए अचानक ईरान पर निशाना साधकर अपने सूरमा होने की नई सुर्खी बनाने की कोशिश करें।

**संक्षिप्त समाचार...**

## खानपुर ब्रह्मपुर में दिसंबर माह से नहीं बंटा राशन

रुड़की संवाददाता. खानपुर ब्रह्मपुर के करीब 6 सौ परिवारों को दिसंबर महीने से सस्ते गल्ले का राशन नहीं मिल रहा। गांव में सरकारी राशन की दुकान सस्पेंड है। इसे पास में बाक्करपुर की दुकान से अटैच किया गया है, जबकि दिसंबर महीने का राशन इस्माईलपुर के डीलर को आवंटित कर दिया गया। ग्राम प्रधान ने इसकी शिकायत डीएसओ से की है। लक्सर ब्लॉक के खानपुर ब्रह्मपुर में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान गांव के मोहन सिंह के नाम पर आवंटित है। पिछले दिनों कुछ ग्रामीणों ने राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की थी। प्राथमिक जांच में शिकायत सही मिलने पर विभाग ने दुकान सस्पेंड कर नजदीक के गांव भिक्कमपुर में रोशन देवी की राशन की दुकान से अटैच कर दिया। तब से रोशन देवी ही खानपुर में राशन बांट रही थी। नवंबर में आपूर्ति निरीक्षक ने प्रधान की शिकायत का हवाला देते हुए दुकान भिक्कमपुर से हटाकर इस्माइलपुर में बलवीर की दुकान से अटैच कर दी। पता लगने पर प्रधान सचिन कुमार जिला आपूर्ति अधिकारी से मिले। बताया कि उन्होंने कोई शिकायत नहीं की। इस पर 13 जनवरी को डीएसओ ने खानपुर की दुकान को इस्माइलपुर से हटाकर बाक्करपुर में धन प्रकाश की दुकान से अटैच कर दिया। इसके बावजूद आपूर्ति निरीक्षक ने दिसंबर महीने का खानपुर का राशन बाक्करपुर के डीलर को ही उठवा दिया। तब से राशन बाक्करपुर की दुकान पर पड़ा है। ग्रामीण प्रेमलता देवी, शोभा, सोनिया, मोहिनी, फरजाना, गुलशाना, रेखा ने बताया कि उनको दिसंबर और जनवरी महीने का राशन अभी भी नहीं मिल पाया है। प्रधान सचिन कुमार का कहना है कि आपूर्ति निरीक्षक की गड़बड़ी के चलते ग्रामीण राशन से महरूम हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी से इसकी शिकायत की गई है, फिर भी ग्रामीणों को राशन नहीं मिला है।

## दो लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

रुड़की संवाददाता. ऊर्जा निगम की टीम ने मखियाली खुर्द गांव में छापा मारा। छापे में वहां इसरार और तकवीन के घर में बिजली की चोरी होती मिली। टीम ने केबल जब्त कर दोनों पर मुकदमा दर्ज कराया है। छापे में एई विजिलेंस रोबिन सिंह मनोरिया, क्षेत्रीय जेई पवन सक्सेना तथा लाइन स्टाफ से अशरफ अली, राजवीर शामिल थे।

## किसानों ने चकरोड की मरम्मत की उठाई मांग

रुड़की संवाददाता. कलियर क्षेत्र के रांगड़वाला, मसाई, माजरी आदि के ग्रामीणों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर उनके क्षेत्र में बदहाल पड़ी चकरोड की मरम्मत करवाने की मांग की। उनका कहना है कि चकरोड जर्जर हालत में होने के चलते खेत से मुख्य मार्ग तक गन्ने की ट्रॉली लाने में दिक्कत हो रही है। बता दें कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसानों के खेत हैं। यहां अधिकतर गन्ने की खेती होती है। खेतों से मुख्य मार्ग तक फसल पहुंचने के लिए चक रोड बने हुए हैं, लेकिन यह चेकरोड धीरे-धीरे खराब हो चुके हैं। ऐसे में इन क्षेत्र के किसानों को गन्ने की फसल केंद्रों तक पहुंचने में बड़ी दिक्कतें होती हैं। इसको देखते हुए ग्रामीणों ने कृषि मंत्री को संबोधित करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर उनका चेक रोड दोबारा से बनवाने यह चकरोड की मरम्मत करवाने की मांग की है। ग्रामीण सुखपाल, महिपाल, धीर सिंह, सुरेंद्र, मलखान, धनीराम सैनी, शौकत आदि ने बताया कि चकरोड खराब होने के चलते उनके सामने दिक्कत आ रही हैं। बताया कि उन्होंने गन्ना समिति में भी मामले में शिकायत की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नहीं मिल पाने के चलते उन्होंने कार्यालय में ज्ञापन दिया।

## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

रुड़की संवाददाता. पुलिस ने शुक्रवार रात को गश्त के दौरान एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार मंडावर गांव के पास एक युवक खेतों की ओर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित निवासी चोली शहाबुद्दीनपुर, थाना भगवानपुर बताया। उप निरीक्षक विनय मोहन त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

## चालक ने ट्रक में लगाई फांसी

रुड़की संवाददाता. लकेश्वरी औद्योगिक क्षेत्र में ट्रक चालक ने ट्रक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। पुलिस के अनुसार, लखेश्वरी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में सामान लेने आए ट्रक चालक राजकुमार (36) निवासी चढ़ाव अम्बेता थाना नुकुड़ जिला सहारनपुर ने ट्रक में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी दौरान फैक्ट्री के सिक्योरिटी गार्ड ने चालक को ट्रक में फंदे से लटका हुआ देखा।

# जौलीग्रांट के होटल में हुई भाजपा कोर कमेटी की बैठक

### 14 भाजपा के नेता रहे कोर कमेटी की बैठक में मौजूद

डोईवाला संवाददाता. भारतीय जनता पार्टी कोर ग्रुप की बैठक डोईवाला विधानसभा के जौलीग्रांट के एक होटल में सम्पन्न हुई। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पर्वेक्षक के रूप में बैठक ली। बैठक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उत्तराखंड भाजपा के 14 बड़े नेता मौजूद रहे। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में हुई भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में भाजपा के 14 बड़े नेताओं में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धमी संगठन महामंत्री अजय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्रियों में त्रिवेंद्र सिंह रावत और डॉ रमेश पोखरियाल निशंक भी मौजूद रहे। लोकसभा और राज्यसभा सांसद भी बैठक में मौजूद रहे। वहीं उत्तराखंड कैबिनेट से सतपाल महाराज और धन सिंह रावत को बैठक में शामिल किया गया।सूत्रों की माने तो बैठक का एजेंडा हाल ही में पार्टी द्वारा प्रदेश भर में कुछ इंटरनल सर्वे है। जिसमें कई विधायकों की परफॉरमेंस बेहद खराब पाई गई है। ऐसे में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर किस तरह से रणनीति तैयार की जानी है इसको लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। वहीं प्रेस को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि सरकार की सरकार के चार साल पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम किया जायेगा। और सरकार की जो योजनायें चल रही है। उनको लेकर कोर ग्रुप की बैठक में चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि 7 मार्च से 14 अप्रैल तक पूरे प्रदेश के मंडल का प्रशिक्षण आरंभ करेंगे।



## ज्ञान अर्जन को तेज दिमाग-स्वस्थ शरीर जरूरी : डॉ. जैन

रुडकी संवाददाता. कस्बे के एंबीशन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य डॉ. ऋषभ जैन ने छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली और आयुर्वेद के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ज्ञान अर्जित करने के लिए तेज दिमाग और स्वस्थ शरीर दोनों आवश्यक हैं। छात्रों को ताजा और पौष्टिक भोजन लेने, जंक फूड से दूर रहने तथा पढ़ाई के साथ खेलकूद में सक्रिय भागीदारी की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में अनेक बीमारियों का उपचार बिना दुष्प्रभाव के संभव है और यह रोग को जड़ से समाप्त करने पर बल देता है।

## दून अस्पताल में टीबी के 1441 मरीजों को दिया जीवनदान

देहरादून संवाददाता. दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग ने टीबी उन्मूलन में बड़ी सफलता हासिल की है। अस्पताल ने एक साल के भीतर दवा-प्रतिरोधी यानि एमडीआर टीबी के गंभीर मामलों में भी मरीजों को नया जीवन दिया है। शनिवार को प्राचार्य डॉ. गीता जैन ने बताया कि एक साल के भीतर 1441 टीबी मरीजों का उपचार किया गया। इसमें 872 पल्मोनरी (फेफड़ों की टीबी), 449 एक्स्ट्रा-पल्मोनरी और 120 बच्चे शामिल हैं। सबसे बड़ी चुनौती माने जाने वाले 57 एमडीआर-टीबी मरीजों का भी सफल इलाज किया। इसमें से 24 मरीजों को कम समय वाली शॉर्टर बीपालएम रेजीमेन पर रखा गया है। प्रिवेंटिव थैरेपी पर जोर एचओडी डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि इलाज के साथ-साथ संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी पर विशेष फोकस है। इसमें मरीजों के संपर्क में आए बच्चों और परिजनों को सुरक्षित रखने की रणनीति अपनाई गई है। अक्षय मित्र पहल के जरिए सामाजिक सहयोग से मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनकी रिकवरी तेज हो रही है। ये है एमडीआर टीबी? डॉ. अग्रवाल के मुताबिक टीबी की दवा बीच में छोड़ना, अनियमित सेवन या गलत दवा संयोजन से एमडीआर-टीबी का खतरा पैदा होता है। यह सामान्य टीबी से अधिक घातक है और इसके इलाज की प्रक्रिया भी लंबी और जटिल होती है।

# गोल्डन कार्ड योजना में अंशदान में वृद्धि पर भड़के पेंशनर्स

ऋषिकेश संवाददाता. सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन ने गोल्डन कार्ड योजना को बीमा कंपनी को देने और अंशदान में वृद्धि को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने चेताया कि यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। शनिवार को ढालवाला में सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन मुनिकीरेती की बैठक हुई। अध्यक्ष शूरवीर सिंह चौहान ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा पेंशनर्स की पेंशन से गोल्डनकार्ड में अंशदान वृद्धि का प्रस्ताव बिना संगठनों की सहमति के पारित किया गया है। साथ ही गोल्डन कार्ड योजना को संचालित करने के लिए बीमा कंपनी को देने का प्रस्ताव किया है। जिसका संगठन घोर विरोध करता है। यदि सरकार जबरदस्ती इस योजना को लागू करती है, तो प्रदेश संगठन इस योजना के विरोध में आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। कोषाध्यक्ष जबर सिंह पंवार ने कहा कि पेंशन से मासिक अंशदान कटौती कर चिकित्सा सुविधा गोल्डन कार्ड के माध्यम से उत्तराखण्ड सरकार की तरफ से दी जा रही थी, लेकिन विगत दो वर्षों से पेंशनर्स को उक्त योजना में मासिक अंशदान कटौती के बावजूद भी राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। जिससे पेंशनरों में रोष व्याप्त है। मौके पर भगवती प्रसाद उनियाल, शीला रतूडी, पुष्पा उनियाल, नीलम पंवार, शशि किरण जोशी, खुशहाल सिंह राणा, गुरुप्रसाद बिजल्वाण, हृदयराम सेमवाल, भोलासिंह बिष्ट, कन्हैयालाल सेमवाल, देवेंद्र दत्त जोशी, जयपाल सिह नेगी, धनसिंह रांगड,, रमेशचंद्र रतूडी, प्रजा वहादुर ठाकुर, मोहन सिंह रावत, जनार्दन प्रसाद उनियाल, शंकरदत्त पैन्यूली, कृष्ण कुमार वर्मा, सोबन सिंह रावत, अरविंद तोमर, ज्योति प्रसाद कुकरेती, कैलाश चन्द्र पैन्यूली, मोहन लाल शाह आदि उपास्थित रहे।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# तीन सदस्यीय समिति करेगी सोलर लाइट प्रकरण की जांच

चमोली संवाददाता. विकासखंड के गांवों में सोलर लाइट प्रकरण की जांच जिला स्तर पर बनी तीन सदस्यीय कमेटी की ओर से की जाएगी। इस कमेटी में परियोजना निदेशक सहित उरेड़ा के अधिकारियों को शामिल किया गया है। कर्णप्रयाग विकासखंड के कतिपय गांवों में सोलर लाइट लगने के प्रकरण ने तब तूल पकड़ी जब स्थानीय व्यापारियों को इसकी भनक लगी। स्थानीय व्यापारियों ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि नियमानुसार 10 करोड़ तक के टेंडर स्थानीय स्तर पर होने चाहिए लेकिन चमोली में उत्तर प्रदेश के एक व्यापारी को ही गांवों में सोलर लाइटों को लगाने की अनुमति दी गई है। व्यापार संघ के जिला मंत्री बृजेश बिष्ट ने कहा कि कर्णप्रयाग की 10 से अधिक ग्राम पंचायतों में लाइटें लगा दी गईं हैं जबकि स्थानीय स्तर पर किसी भी व्यापारी से इस प्रक्रिया में कोटेशन तक नहीं लिए गए। बीते तीन फरवरी को आयोजित तहसील दिवस में दर्ज हुई शिकायत के बाद मामले में जांच कमेटी बना दी गई है। जल्द ही मामले की जांच की जाएगी।सेट के लिए-प्रधानों ने किया विरोधः व्यापारियों की ओर से शिकायत करने के बाद प्रधानों ने इसका विरोध किया था। प्रधान संघ ने कहा कि ग्राम पंचायतों में सामग्री का क्रय करना या योजनाओं का क्रियान्वयन करना पंचायत के अधिकार क्षेत्र में है। ऐसे में कम दरों और बेहतर गुणवत्ता वाले का कोटेशन स्वीकृत किया गया है। यदि कम दर और बेहतर गुणवत्ता पर स्थानीय स्तर पर सामग्री मिलती है कि वो अपना कोटेशन दे सकते हैं।गांवों में लगने वाली सोलर लाइट के प्रकरण पर शिकायत होने के चलते इसमें जांच कमेटी बना दी गई है। जिसमें पीडी और उरेड़ा के अधिकारियों को शामिल किया गया है। जल्द ही समिति अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपेगी उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## थराली में पार्किंग ठप, सड़कों पर वाहनों का कब्जा, रोज लग रहा जाम

चमोली संवाददाता. सात से अधिक बाजारों और मोहल्लों से मिलकर बने थराली कस्बे में पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। कस्बे में महज एक पार्किंग स्थल है जो बीते सात महीनों से मलबे से पटा पड़ा है। इससे स्थानीय निवासियों, बाहरी क्षेत्रों से आने वाले लोगों और ग्रामीण इलाकों से आवागमन करने वाले वाहनों का जमावड़ा सड़कों पर लग रहा है। संकरी सड़कों से दोपहर के समय थराली में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। व्यापार संघ और पुलिस प्रशासन के साथ इस समस्या के समाधान के लिए कई बार बैठकें भी की जा चुकी हैं लेकिन न तो नई पार्किंग बनाने की योजना धरातल पर उतरी और न ही जाम की समस्या का कोई ठोस समाधान निकल पाया है। सिमली-ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अपर बाजार और नासिर बाजार में पार्किंग के लिए कोई स्थान उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यहां आने वाले सभी वाहन सड़क किनारे खड़े किए जाते हैं। इससे यहां आए दिन जाम लना रहता है। वहीं, थराली-देवाल स्टेट हाइवे पर बैंक बाजार, भैरव मार्केट, मीट मार्केट, मुख्य बाजार, केदारबगड़ और राड़ीबगड़ जैसे प्रमुख बाजार स्थित हैं। इनमें मुख्य बाजार और केदारबगड़ क्षेत्र के लिए करीब 100 वाहनों की क्षमता वाली एकमात्र पार्किंग बनाई गई थी। हालांकि बीते वर्ष अगस्त में आई आपदा से यह पार्किंग क्षतिग्रस्त हो गई और मलबे से भर गई। पिछले सात महीनों से इसकी सफाई और मरम्मत नहीं हो पाई है। ऐसे में वाहन चालक अपने वाहन ग्रामीण मार्गों और मुख्य सड़क पर खड़े करने के लिए मजबूर हैं जिससे जाम की समस्या और भी गंभीर होती जा रही हैइन ग्रामीण रूटों से पहुंचते हैं वाहनः थराली-डुंग्री मोटर मार्ग 16 गांवों को जोड़ता है। वहीं देवाल, कूनी-पार्था, गोठिंडा और चेपड़ों, किमनी, चौण्डा, काखड़ा, गुगुवा, तुंगेश्वर, देवराड़ा, सुनांउ, माल बज्वाड़ सहित कस्बीनगर एवं ग्रामीण रूटों के 200 से अधिक वाहन रुकते हैं।वर्जनः-नगर में बड़ी पार्किंग के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। हम छोटी-छोटी पार्किंग के निर्माण के बारे में सोच रहे हैं जिससे बाजार में वाहनों का दबाव कम हो सके और जाम से निजात मिल सके। साथ ही केदारबगड़ में बनी पार्किंग के मरम्मत और सुधारीकरण के लिए डीपीआर शासन को भेजी है। --सुनीता रावत, अध्यक्ष नपं थराली।

### तीन स्वर्ण के साथ टॉप पर रही हिमाचल की टीम

चमोलीसंवाददाता. औली में चल रही राष्ट्रीय शीतकालीन चौंपियनशिप खेल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने दबदबा बनाया हुआ है। हिमाचल की टीम तीन गोल्ड के साथ अब तक नौ पदक अपने नाम कर चुकी है। खास बात यह है कि हिमाचल की महिला खिलाड़ियों ने ही सारे पदक जीते हैं। वहीं दूसरे दिन भारतीय सेना के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड के साथ कुल सात पदक जीते। औली में शनिवार को राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में सेना और महिला वर्ग में हिमाचल की टीमों ने पदक झटके। दूसरे दिन हुई कुल पांच प्रतियोगिताओं में हिमाचल की टीम ने दो स्वर्ण, दो कांस्य और दो रजत पदक जीते, जबकि एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक वह पहले ही दिन जीत चुके हैं। वहीं सेना की पुरुष टीम ने दूसरे दिन दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए। एक स्वर्ण के साथ जम्मू कश्मीर की टीम तीसरे और एक कांस्य पदक के साथ उत्तराखंड की टीम चौथे स्थान पर रही।

## नंदप्रयाग में खुलेगा जनपद का मॉडल पशु अस्पताल, सर्जरी और ऑपरेशन की मिलेगी सुविधा

चमोली संवाददाता. चमोली जनपद में पशुओं को उचित देखभाल, सर्जरी, टीकाकरण और आपातकालीन सेवाएं मुहैया कराने के लिए मॉडल पशु अस्पताल स्थापित किया जाएगा। इस अस्पताल का निर्माण नंदप्रयाग में किया जाएगा। लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले इस अस्पताल के निर्माण के लिए शासन की ओर से पशुपालन विभाग को पहली किस्त के रूप में एक करोड़ 30 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। मॉडल अस्पताल का संचालन 2027 में किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। चमोली जनपद में मौजूदा समय में 145625 गाय, 37922 भैंस, 96861 बकरी और 75417 भेड़ मौजूद हैं। यूं तो जनपद के सभी विकास खंडों में पशु अस्पताल संचालित हो रहे हैं, मगर पशुओं की उन्नत स्वास्थ्य देखभाल के लिए निदान, सर्जरी, टीकाकरण और आपातकालीन सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के लिए मॉडल अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। इस अस्पताल में विशेष चिकित्सा, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और आपातकालीन रिकवरी यूनिट की सुविधा मौजूद होगी। अस्पताल में पशु चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम और मोबाइल वेटनरी यूनिट काम करेगी।तलवाड़ी अस्पताल को जल्द मिलेगा अपना भवनगैरसैंण विकास खंड के पशु अस्पताल तलवाड़ी को जल्द अपना भवन मिल जाएगा। शासन से अस्पताल भवन निर्माण के लिए 99 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। इसके निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रुप में 29 लाख रुपये पशुपालन विभाग को मिल गए हैं। सीवीओ डॉ. असीम देव ने बताया कि अभी तक तलवाड़ी का पशु अस्पताल किराए के भवन पर संचालित हो रहा है। आगामी वर्ष यहां भी नया भवन बनकर तैयार हो जाएगा।

## वसंतोत्सव के समापन पर हांसा नृत्य नाटिका रही आकर्षण का केंद्र

नई टिहरी संवाददाता. नगर पंचायत क्षेत्र में तीन दिवसीय वसंतोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति और लोक संस्कृति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम में हांसा नृत्य नाटिका खासा आकर्षण का केंद्र रही। घनसाली वसंतोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। महोत्सव के समापन पर मुख्य अतिथि विधायक शक्ति लाल शाह ने छात्र-छात्राओं की ओर से दी गई प्रस्तुति की सराहना की। इस दौरान वसंतोत्सव में अपनी प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं और अन्य कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद बिष्ट, प्रधान संगठन अध्यक्ष यशवंत गुसाईं, चंद्रमोहन बिष्ट, आनंद नेगी, चंद्रमोहन नौटियाल, केदार बर्त्वाल, विजय कुमाई और ईओ संजय कापड़ी आदि मौजूद थे।

## अस्पताल के मुख्य भवन में शिफ्ट हुआ जन औषधि केंद्र, लोगों को मिलेगा लाभ

चमोली संवाददाता. उपजिला अस्पताल परिसर में संचालित जन औषधि केंद्र अब अस्पताल के मुख्य भवन में शिफ्ट हो गया है। इससे लोगों को सस्ती दवाओं का लाभ मिल सकेगा। कर्णप्रयाग उप जिला अस्पताल परिसर के प्रशासनिक भवन में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र सालों से संचालित हो रहा है। ओपीडी और वार्ड मुख्य भवन में संचालित हैं। ऐसे में अस्पताल में कई बार लोगों को दवाएं नहीं मिल पाती और जन औषधि केंद्र कुछ दूरी पर होने से आम मरीज और तीमारदार कई बार केंद्र तक नहीं पहुंच पाते। इससे चलते लोगों को बाजार से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ती है। ऐसे में अब अस्पताल प्रबंधन ने जन औषधि केंद्र को मुख्य भवन में शिफ्ट किया है। इससे लोगों को अस्पताल में नहीं मिलने वाली दवाओं के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा।आपातकालीन में भी नहीं दवाओं की कमी उपजिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. बीपी पुरोहित का कहना है कि अस्पताल में दवाओं की कमी किसी प्रकार की नहीं है। यहां तक शाम और रात्रि के समय आपातकालीन वार्ड में आने वाले रोगियों के लिए भी भरपूर दवाओं की व्यवस्था कर दी गई है। दुर्घटना में घायल होने वाले मरीजों के लिए प्लास्टर, पट्टी सहित सभी जरूरी सामग्री आपातकालीन में रखवाई गई है। जन औषधि केंद्र के मुख्य भवन में शिफ्ट होने से अस्पताल में आने वाले 300 से अधिक मरीजों को लाभ मिलेगा।

### गेठांणा बांगर में दो दिवसीय भव्य मेले का आज होगा आगाज

चमोली संवाददाता. विकासखंड जखोली की पट्टी बांगर स्थित ग्राम गेठांणा बांगर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर दो दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। घण्डियाल जन जागरण समिति के अध्यक्ष प्रबल सिंह मेंगवाल और समिति के संयोजक मकान सिंह मेंगवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और पारंपरिक विरासत की अनूठी झलक देखने को मिलेगी। इस अवसर पर घण्डियाल डोली का पारंपरिक नृत्य मुख्य आकर्षण रहेगा। साथ ही नैसर्गिक शिवलिंग के दर्शन, धार्मिक एवं पौराणिक महत्व से जुड़ी मछलियों का पूजन-अर्चना भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में क्षेत्र के निकटवर्ती विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, वहीं प्रसिद्ध लोक गायक किशन महिपाल, अंजलि खरे ,रेखा जोशी उनियाल खुशी नेगी अपनी सांस्कृतिक टीम के साथ लोक संस्कृति एवं पारंपरिक संगीत से समां बांधेंगे।

### नया कूड़ा घर बनने तक वर्तमान डंपिंग जोन में डाला जाएगा कूड़ा

चमोली संवाददाता. नगर पंचायत नंदानगर के कूड़ा निस्तारण केंद्र के संबंध में उस्तोली के ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। विरोध को देखते हुए नगर पंचायत ने ग्रामीणों के साथ बैठक की जिसमें सहमति बनी कि नया कूड़ा डंपिंग क्षेत्र बनने तक इसी स्थान पर कूड़ा डाला जाएगा। नगर पंचायत ने जल्द से जल्द कूड़ा निस्तारण के लिए स्थायी कूड़ा डंपिंग क्षेत्र बनाने की बात कही।नगर पंचायत अध्यक्ष बीना रौतेला ने बताया कि नंदानगर नगर पंचायत हाल ही में अस्तित्व में आई है। नगर के कूड़ा निस्तारण के लिए सुतोल मोटर मार्ग पर बाजार से करीब दो किमी दूसरी पर जिला पंचायत की ओर से बनाए गए कूड़ा निस्तारण केंद्र को हमें उपयोग के लिए दिया गया है।

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, विपक्ष की आवाज दबाने का लगाया आरोप

चमोली संवाददाता. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में लगातार बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था व प्रदेश व केंद्र सरकार पर विपक्ष की आवाज को दबाने और जनता की आवाज को न उठाने देने से आक्रोशित होकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला जलाया। शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड पर प्रदेश सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेता संदीप पटवाल ने कहा कि शुक्रवार को न्याय पंचायत भगोती में जन-जन की सरकार ,जन-जन के द्वार कार्यक्रम में क्षेत्र की समस्याओं पर अधिकारियों से सवाल पूछे जाने पर स्थानीय विधायक और जिपं सदस्य ने उन्हें रोकने का प्रयास किया।

# विधायक कैड़ा व जिलापंचयात अध्यक्ष ने किया छोटे कैलाश मंदिर मै महाशिवरात्रि को होने वाले मेले का शुभारम्भ

भीमताल संवाददाता. विधायक राम सिंह कैड़ा व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल ने कल 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर छोटे कैलाश मंदिर मै होने वाले मेले का आज शुभारम्भ किया! स्थानीय महिलाओ व ग्रामीणों ने पहाड़ी सस्कृति और रीति रिवाज के साथ मंदिर तक कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली! विधायक कैड़ा ने कहा छोटे कैलाश मंदिर मै महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है छोटा कैलाश मंदिर मै दूर -दूर से लाखो शिव भक्त पूजा अर्जना करने आते है विधायक ने कहा छोटा कैलाश मंदिर के विकास करने और पर्यटन से जोड़ने का प्रयास किया गया है छोटा कैलाश मंदिर को मदिर माला मिशन योजना से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री घोषणा मै सम्मलित कर लिया है भविष्य मै इस मेले को और बेहतर और भव्य रूप दिया



जायेगा!विधायक कैड़ा ने कहा मंदिर के सौन्दर्यकरण, व अन्य समस्याओं का समाधान हो इस दिशा मै लगातार कार्य किया जा रहा है विधायक ने पुलिस प्रशांसन से सुरक्षा व्यवस्था मै नजर रखने को कहा, अन्य पेयजल, विध ुत व्यवस्थाओ को दुरस्त करने को कहा! विधायक कैड़ा ने सभी जनप्रतिनिधि यों से मेले को सफल बनाने मै अपना सहयोग करने की अपील की! क्षेत्र के लोगो ने विधायक कैड़ा का फूल मालाओ से स्वागत कर धन्यवाद दिया! विधायक के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मववाल,भाजपा मण्डल अध्यक्ष कमल जोशी, अनिल चनोतिया, कमलेश भट्ट, तिलोचन पलडीया, आंनद दर्मवाल,उमेश पलेडीया, संतोष शर्मा, राघव, प्रधान रोहित पलेडीया,लीला देवी, पंकज महरा, महेश बेलवाल, ,मंदिर समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारी, सभी शिव भक्त ग्रामीण जन मौजूद रहे!

# भाजपा नेता विपिन कांडपाल ने किया कावरियों का स्वागत

रामनगर संवाददाता. जय भोले कावर समिति गेबुआ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरिद्वार से जल आए हुए कांवरियों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। इसमें फल, खीर ,रात्रि विश्राम की व्यवस्था भोजन आदि की व्यवस्था समिति द्वारा की जाती है। समिति के अध्यक्ष विपिन काण्डपाल ने बताया कि उनकी समिति पिछले 6 वर्षो से लगातार यहां पर कांवरियों की सेवा करते हुए आ रही हो आगे भी निरंतर करते रहेगी। इसमें गेबुआ क्षेत्र के समस्त शिवभक्त अपनी सेवा दे रहे हैं पंकज बेलवाल, धर्म दत्त सती, तारा दत्तदानी, कैलाश तिवारी, अमन नैनवाल, हेमचंद जोशी, सुरेश कांडपाल, शोभा कांडपाल, मौलिक कांडपाल, योगिता कांडपाल, भगवती कांडपाल, योगेश कांडपाल, धाराबल्लभ सती, विनोद जोशी आदि मौजूद रहे।



# रोमांचक क्रिकेट मुकाबले ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा

हल्द्वानी संवाददाता. GNG ग्राउंड, कमलुवा गांजा में पत्रकार 11 और प्राधिकरण नैनीताल के बीच खेले गए रोमांचक क्रिकेट मुकाबले ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन आखिरकार पत्रकार 11 ने 2 विकेट से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर



लिया।टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्राधिकरण नैनीताल की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पत्रकार 11 के गेंदबाज अंकित शाह ने पहला ही ओवर मेडन डालकर दबाव बना दिया। शुरुआती झटकों के बावजूद सूरज ने जिम्मेदारी भरी 54 रनों की पारी खेली और टीम को संभालने का प्रयास किया। शिवम ने 21 रन जोड़े, जबकि सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान ने 10 रनों का योगदान दिया। अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके और पूरी टीम 146 रनों पर ऑलआउट हो गई।पत्रकार 11 की ओर से गेंदबाजी में कमल जगाती ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके।

# पांच अपराधियों को गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत छह माह के लिए जिला बदर

हल्द्वानी संवाददाता./जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए पांच अपराधियों को गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ल्लसपज डवींद ल्लंस द्वारा जारी आदेश के अनुसार संबंधित व्यक्तियों को छह माह तक जनपद नैनीताल की सीमा में प्रवेश करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।प्रशासन को प्राप्त पुलिस रिपोर्ट एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।थाना मुखानी क्षेत्र के तपन दास पुत्र विनोद दास के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता के तीन तथा आयुध अधिनियम का एक मुकदमा दर्ज है।थाना कालाढूंगी क्षेत्र के गुलजारपुर चकलुवा निवासी राकेश कुमार पुत्र सोबन राम पर एनडीपीएस एक्ट के चार प्रकरण दर्ज पाए गए हैं।रामनगर थाना क्षेत्र के शिवलालपुर निवासी योगेश सागर पुत्र छत्रपाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम, आईपीसी, गैंगस्टर एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के अंतर्गत विभिन्न मामले दर्ज हैं।लालकुआं थाना क्षेत्र के जयपुर बीसा निवासी कृपाल सिंह उर्फ सोनू पुत्र राम सिंह तथा धौला बाजपुर क्षेत्र के विजय कुमार आर्य पुत्र मदनलाल के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के पांच-पांच मुकदमे दर्ज हैं।

इन सभी को "गुंडा" घोषित करते हुए जनपद से छह माह के लिए निष्कासित करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो।रिसोर्ट गेट पर हवाई फायरिंग : शस्त्र लाइसेंस निरस्तएक अन्य मामले में, परमपुर धमोला (थाना कालाढूंगी) निवासी बहादुर सिंह बिष्ट पुत्र राम सिंह बिष्ट द्वारा रिसोर्ट में तैनात गार्ड एवं रिसेप्शन स्टाफ के साथ अभद्रता



करने तथा गेट पर हवाई फायरिंग करने की घटना को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।प्रकरण में शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों एवं आयुध अधिनियम के उल्लंघन को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ल्लसपज डवींद ल्लंस ने अभियोजन पक्ष की दलीलों के उपरांत बहादुर सिंह बिष्ट का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के आदेश जारी किए हैं।

# 16 फरवरी से जनपद अल्मोड़ा में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण शुरू

अल्मोड़ा संवाददाता. देश में रोजगार, बेरोजगारी और श्रम बाजार की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) की शुरुआत की जा रही है। अर्थ एवं संख्या निदेशालय के निर्देशन में यह सर्वे फरवरी से दिसंबर 2026 तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा। जनपद अल्मोड़ा में इस सर्वेक्षण की शुरुआत 16 फरवरी से की जाएगी। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेणु भंडारी ने बताया कि सर्वे के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के चयनित परिवारों से कंप्यूटर आधारित व्यक्तिगत साक्षात्कार प्रणाली (कैपी) के माध्यम से जानकारी एकत्र की जाएगी। इस प्रक्रिया में परिवारों के सदस्यों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, शिक्षा, रोजगार, बेरोजगारी और मासिक व्यय से संबंधित आंकड़े दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में सर्वेक्षण के लिए कुल 26 इकाइयों का चयन किया गया है, जिनमें 14 ग्रामीण और 12 शहरी क्षेत्र शामिल हैं। ग्रामीण इकाइयों में खरखोली, खीराकोट मंज्यूर कनारी, धुधतिया गांव, नौगांव, न्यूनी, फूटा, खेतीलग्गा सिद्धी मुराद, ठाट, खडियानौली, तल्ली मैनारी, बिसराखेत और जैनोली जैसे गांव शामिल हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों में नगर निगम अल्मोड़ा के आठ वार्ड, नगर पंचायत भिकियासैंण, रानीखेत कैंट क्षेत्र तथा नगर पालिका परिषद रानीखेत के चिलियानौला क्षेत्र को शामिल किया गया है। सर्वेक्षण के दौरान विभाग के सहायक सांख्यिकीय अधिकारी घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे और उसे ऑनलाइन दर्ज करेंगे। इस सर्वे का उद्देश्य श्रम बल सहभागिता दर, श्रमिक जनसंख्या अनुपात और बेरोजगारी दर जैसे प्रमुख संकेतकों का आकलन करना है। ये आंकड़े नीति निर्माण, योजना निर्धारण और शोध कार्यो के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। रेणु भंडारी ने संबंधित क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि वे सर्वेक्षण टीम को सही जानकारी देकर सहयोग करें, ताकि यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

# युवाओं ने भव्य स्वागत किया

रामनगर संवाददाता. नैनीताल जिले के प्रवास के दौरान राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तराखंड सरकार के सदस्य (राज्य मंत्री) विनय प्रताप सिंह के रामनगर आगमन पर भाजपा नेता शुभम उत्तम के नेतृत्व में युवाओं ने भव्य स्वागत किया, तदुपरान्त राज्य मंत्री ने नगर पालिका रामनगर में समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, पालिका अध्यक्ष हाजी मौ० अकरम, विभिन्न वार्डो के सभासदगण, सफाई निरीक्षक लल्ला मियां, तहसीलदार मनीषा मारकाना, पीडब्लूडी विभाग व बैंक विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे । राज्य मंत्री ने बैठक में मुख्य रूप से कर्मचारियों के समय से वेतन न मिलने पर ठेकेदार से नाराजगी व्यक्त की । साथ ही पालिका द्वारा बोर्ड मीटिंग में सप्ताहित छुट्टी की मंजूरी देने पर अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल व अध्यक्ष मौ. अकरम की कार्यशैली की सराहना भी की। कार्यक्रम में भाजपा नेता शुभम उत्तम ने पालिका में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं से आयोग के सदस्य को अवगत करवाया उन्होंने कहा कि आयोग जल्द ही सभी समस्याओं के समाधान के लिए मजबूती से कार्यवाही करेगा। बैठक में सफाई नायक सुनील कुमार, मुकेश कुमार, आकाश उत्तम, राजकुमार, रजत राज, अमित कुमार, बॉबी, मंजीत सैनी, रीना, दीक्षा, पलकी, तनिष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया

शांतिपुरी संवाददाता. सत्संग आश्रम स्थित प्रतिष्ठित सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय लिटिल चौम्प-4 कार्यक्रम का रंगारंग समापन नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी की मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे सभागार में तालियों की गूंज बनी रही।मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह लोटनी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय बच्चों के जीवन में शिक्षा और संस्कार की मजबूत नींव रखते हैं। अच्छी शिक्षा, संस्कार, गुरुजनों का मार्गदर्शन और माता-पिता का स्नेह मिलकर ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने बच्चों को अपनी मातृभाषा और संस्कृति से जुड़े रहने की भी प्रेरणा दी।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और विद्यालय प्रबंधक प्रमोद वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन नन्हीं



छात्राओं परनिता कोरंगा और सौम्या ने आत्मविश्वास और उत्साह के साथ किया, जिसे सभी ने सराहा।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में माँ सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, देशभक्ति गीत, कुमाऊँनी लोक कार्यक्रम और नर्सरी कक्षा के बच्चों के मनमोहक प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहे। बच्चों की मासूम अदाओं और रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत लिया।समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधक प्रमोद वर्मा ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अकादमिक निदेशक उमेश बोरा, प्रधानाचार्य ब्रिज मोहन कुनियगाल तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर में एल्यूमिनाई मीट का आयोजन

रामनगर संवाददाता. राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर में एक भव्य एल्यूमिनाई मीट का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के पुराने छात्रों को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर, पुराने छात्रों को सम्मानित किया गया और उनके अनुभवों को साझा करने का अवसर प्रदान किया गया। इसी क्रम में



आई टी बी पी (बरैली) में शिक्षा एवं तनाव परामर्शदाता पद पर तैनात मोहम्मद दानिश सैफी, द्वारा भी अपने अनुभव साझा किए तथा सभी नवीन छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त कर, कंपीटिशन की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। पुराने छात्रों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए अपने समय के दौरान की गई गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने वर्तमान छात्रों को प्रेरित किया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।कॉलेज के प्रिंसिपल ने कहा, हमारे पुराने छात्रों को सम्मानित करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमें उम्मीद है कि उनके अनुभव और ज्ञान से हमारे वर्तमान छात्रों को लाभ मिलेगा और वे अपने भविष्य को बनाने में सफल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के एल्यूमिनाई एसोसिएशन द्वारा किया गया था। इस अवसर पर, कॉलेज के पुराने छात्रों ने अपने अनुभवों को साझा किया और वर्तमान छात्रों को प्रेरित किया।

# बसोली में बहुउद्देशीय शिविर, 40 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

अल्मोड़ा संवाददाता विकासखंड ताकुला की न्याय पंचायत बसोली में शनिवार को श्जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारश कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों ने एक ही मंच पर आम लोगों की समस्याओं का समाधान किया। शिविर में मुख्य विकास अधिकारी रामजी सारण शर्मा ने पहुंचकर लोगों की शिकायतें सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों तक योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिविर में 32 विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और मौके पर समस्याओं का समाधान किया। कुल 58 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 40 का निस्तारण तत्काल कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया। कार्यक्रम में 20 ग्राम पंचायतों से आए करीब 406 लोगों ने भाग लिया और विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया। आधार पंजीकरण से जुड़े 27 कार्य मौके पर ही पूरे किए गए। राजस्व विभाग ने 162 प्रमाण पत्र जारी किए, जबकि ग्राम विकास विभाग की ओर से 55 प्रमाण पत्र बनाए गए। इसके अलावा 25 अन्य प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने 111 लोगों का परीक्षण किया और कृषि विभाग ने 30 किसानों को योजनाओं से लाभान्वित किया।

# खाद्य सामग्री से लदे वाहनों की सघन जांच, संदिग्ध मावा व मिठाई के नमूने भरे

अल्मोड़ा संवाददाता खाद्य आयुक्त उत्तराखण्ड और जिलाधिकारी अल्मोड़ा के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जनपद में प्रवेश कर रही खाद्य सामग्री पर निगरानी रख रहा है। इसी क्रम में शनिवार सुबह लोधिया पुलिस बैरियर पर बाहरी क्षेत्रों से आ रहे वाहनों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब 16 वाहनों की जांच की गई, जिनमें केएमयू की बसों के साथ ट्रक और अन्य छोटे व्यावसायिक वाहन शामिल रहे। इन वाहनों के माध्यम से मावा, मिठाई और अन्य खाद्य सामग्री जनपद में लाई जा रही थी। जांच के दौरान एक बस से लाए जा रहे मावे की गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर टीम ने मौके पर ही खुले मावे का निरीक्षण कर उसका नमूना संग्रहित किया। नमूने को परीक्षण के लिए खाद्य विश्लेषणशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसी दौरान एक अन्य वाहन में सप्लाई की जा रही पैकेट बंद मिठाइयों की गुणवत्ता पर भी संदेह जताया गया। टीम ने इन मिठाइयों के नमूने भी जांच के लिए संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाजार में पहुंच रही खाद्य सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप है या नहीं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने खाद्य कारोबार से जुड़े सभी कारोबारियों, सप्लायरों और वितरकों से अपील की है कि वे खाद्य सामग्री की खरीद-फरोख्त केवल पक्के बिल और वैध दस्तावेजों के साथ ही करें। उन्होंने कहा कि इससे आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहती है और किसी भी अनियमितता की स्थिति में जिम्मेदारी तय करना आसान होता है। उन्होंने साफ किया कि जनपद में मिलावटी या मानकविहीन खाद्य पदार्थों की आपूर्ति किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। त्योहारों और विशेष अवसरों को देखते हुए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। निरीक्षण टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार के साथ ईश्वर सिंह नेगी और कुंदन सिंह शामिल रहे।

# किसानों को सोयाबीन से टोफू बनाने और कृषि यंत्रों का दिया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा संवाददाता. द्वाराहाट क्षेत्र के एरासेरा गांव में शुक्रवार को किसानों के लिए सोयाबीन आधारित उत्पादों और कृषि यंत्रों के उपयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाग्रकटाई उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत के निर्देशन में हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी देने के साथ ही सोयाबीन से मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करने के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में गांव के 21 किसानों, जिनमें 15 महिलाएं और 6 पुरुष शामिल थे, ने भाग लिया। प्रतिभागियों को सोयाबीन से टोफू (सोयापनीर), सोया दूध और सोया बड़ी बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने स्वयं इन उत्पादों को तैयार किया और उनकी विधि को समझा। साथ ही उन्हें संबंधित जानकारी के पर्चे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में कृषि यंत्रों के उपयोग पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। विशेष रूप से विवेक मंडुवा थ्रेशर और धान थ्रेशर की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और लाभों के बारे में बताया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि मंडुवा थ्रेशर के उपयोग से मड़ाई का कार्य तेजी से होता है और श्रम व समय की बचत होती है। इसकी क्षमता सामान्य फसल में 40 से 60 किलोग्राम प्रति घंटा तथा अच्छी गुणवत्ता की फसल में 60 से 80 किलोग्राम प्रति घंटा तक है।



# यूकेडी युवा प्रकोष्ठ की बैठक में 19 फरवरी के कार्यक्रम को लेकर बनी रणनीति

अल्मोड़ा संवाददाता. उत्तराखंड क्रांति दल के युवा प्रकोष्ठ की ओर से शनिवार को भैंसियाछाना विकासखंड में बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रघुवर सिंह भाकुनी ने की। इस दौरान 19 फरवरी को केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी के अल्मोड़ा आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया गया और कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तय की गई। बैठक में युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया। साथ ही दल की प्रमुख विचारधारा और मुद्दों को विस्तार से रखा गया। कार्यकर्ताओं ने मूल निवास 1950 लागू करने, गैरसैंण को पहाड़ के मध्य में स्थायी राजधानी बनाने, प्रदेश के युवाओं को 80 प्रतिशत रोजगार में प्राथमिकता देने और उत्तराखंड में शराबबंदी लागू करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान कई युवाओं और महिलाओं ने उत्तराखंड क्रांति दल की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों में नरेंद्र सिंह बिष्ट, रवि सिंह, केदार सिंह, दीवान राम, शेर सिंह नेगी, गणेश राम आदि शामिल रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष दिनेश जोशी, महिला जिला अध्यक्ष दीपा जोशी, केंद्रीय मंत्री गिरीश नाथ गोस्वामी, युवा केंद्रीय संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह, रवि नेगी, गणेश मसूनी और अभिषेक बिनौला सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक जोखिम

## बॉलीवुड की ग्लैमर क्वीन और फिटनेस की प्रेरणा गुरलीन चोपड़ा, निभा रहीं डबल रोल

फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने एक्टिंग के साथ ही अपनी फिटनेस और हेल्थ की दुनिया में भी कदम रखा है। ऐसी ही एक अभिनेत्री हैं गुरलीन चोपड़ा, जिनका नाम फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ फिटनेस के क्षेत्र में भी जाना जाता है। गुरलीन की कहानी सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने सही जीवनशैली और फिटनेस के महत्व पर भी जोर दिया है। गुरलीन चोपड़ा का जन्म पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में हुआ। उन्होंने मिस चंडीगढ़ का खिताब जीता। यह उनके लिए करियर की दिशा बदलने वाला पल साबित हुआ। दोस्तों के सुझाव की वजह से उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। शुरुआत में उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो और विज्ञापनों में काम किया, यहां से उन्हें फिल्म इंडस्ट्री तक पहुंचने का मौका मिला।गुरलीन ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म इंडियन बाबू से की। इसके बाद उनकी अगली फिल्म कुछ तो गड़बड़ है आई, जिसमें उन्होंने एक अनाथ लड़की का किरदार निभाया। इस दौरान उन्होंने साउथ इंडस्ट्री में भी अपने पैर जमाए। तेलुगु फिल्म आयुधम उनके करियर की शुरुआती फिल्मों में शामिल है। इसके बाद उन्होंने कन्नड़ और तमिल फिल्मों में भी अभिनय किया। कन्नड़ फिल्म मनमथा में उन्होंने दोहरी भूमिका निभाई, जिसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने बहुत सराहा।गुरलीन का करियर सिर्फ फिल्मों तक ही सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपनी फिटनेस और हेल्थ के प्रति लगाव को बिजनेस में बदल दिया। इसके तहत, उन्होंने लोगों को सही डाइट, योग और व्यायाम के जरिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।उन्होंने डायबिटीज, हार्मोनल अनबैलेंस और थॉयराइड जैसी समस्याओं में प्राकृतिक और हेल्दी उपाय अपनाने की प्रेरणा दी। गुरलीन ने दुनिया भर में लाखों लोगों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाने में मदद की है।गुरलीन ने अपने करियर में डबल रोल, एक्ट्रेस और फिटनेस कोच, की भूमिका निभाई, जो उन्हें बाकी कलाकारों से अलग बनाती है।



## एंड्रिया जेरेमिया ने पिसाची 2 में इरोटिक सीन्स की पुष्टि की, न्यूडिटी की अफवाहों पर सफाई दी

तमिल एक्ट्रेस और सिंगर एंड्रिया जेरेमिया ने मैस्किन द्वारा डायरेक्टेड अपकमिंग हॉरर फिल्म पिशाची 2 में न्यूड कंटेंट को लेकर चल रही अफवाहों पर बात की है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, एंड्रिया ने साफ किया कि फिल्म में कोई न्यूडिटी नहीं है, लेकिन इसमें कई इरोटिक सीन जरूर हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में न्यूडिटी स्क्रिप्ट का हिस्सा थी, लेकिन मैस्किन ने शूटिंग के दौरान उन हिस्सों को हटाने का फैसला किया।एंड्रिया ने मिस्किन के विजन और इरादों की तारीफ करते हुए कहा कि वह यह फिल्म सिर्फ गुजारा करने के लिए नहीं बना रहे हैं, क्योंकि उन्होंने पहले बड़े हीरो के साथ काम किया है। उन्होंने डायरेक्टर के फैसलों पर भरोसा जताया, यहाँ तक कि जब उनसे भड़काऊ कंटेंट की मांग की गई, जैसे कि अपनी स्कर्ट नीचे करने के लिए कहा गया। इस फिल्म में टैलेंटेड कलाकार हैं, जिनमें मक्कल सेल्वन विजय सेतुपति कैमियो रोल में, पूर्णा और संतोष प्रताप अहम भूमिकाओं में शामिल हैं।रॉकफोर्ट एंटरटेनमेंट के तहत टी मुरुगनंथम द्वारा प्रोड्यूस की गई पिशाची 2 को फाइनेंशियल दिक्कतों के कारण देरी का सामना करना पड़ा है। फिल्म का म्यूजिक कार्तिक राजा ने कंपोज किया है, और टॉलीवुड प्रोड्यूसर दिल राजू ने तेलुगु राज्यों में इसके थिएट्रिकल राइट्स खरीद लिए हैं। अफवाहों के बावजूद, एंड्रिया इस प्रोजेक्ट को लेकर कॉन्फिडेंट हैं, और फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।मिस्किन की पिशाची 2 अपने इरोटिक सीन्स और इंटेंस कहानी के मेल के साथ एक रोमांचक हॉरर अनुभव देने का वादा करती है। अपनी टैलेंटेड कास्ट और क्रू के साथ, फिल्म से एक अनोखा सिनेमैटिक अनुभव देने की उम्मीद है। जैसे-जैसे रिलीज डेट पास आ रही है, और भी अपडेट आने की उम्मीद है, जिससे फैंस उत्साहित और जुड़े रहेंगे।

### रणवीर सिंह के पीछे हटते ही ऋ तिक रोशन को मिली डॉन 3? बाहर आई ये जानकारी

फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 ईद का चांद बन चुकी है जिसका इंतजार बढ़ता जा रहा है। धुरंधर की रिलीज के बाद उम्मीद थी कि रणवीर सिंह इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। हालांकि, लोगों की उम्मीदों को तोड़ते हुए उन्होंने डॉन 3 से किनारा कर लिया। उनके बाहर होने के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा है कि डॉन का किरदार, ऋतिक रोशन निभा सकते हैं। जानिए क्या वाकई ऋतिक ने डॉन 3 के लिए हामी भर दी है।डॉन 3 के निर्माता, ऋतिक को फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनाने पर विचार कर रहे हैं। सूत्र ने कहा, रणवीर के जाने के बाद, ऋतिक इस भूमिका के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में सामने आए हैं। हालांकि बातचीत शुरुआती दौर में है, लेकिन देखना दिलचस्प होगा कि अभिनेता इस प्रोजेक्ट से जुड़ते हैं या नहीं। जाहिर है कि शाहरुख खान की डॉन 2 में ऋतिक ने दमदार कैमियो किया था।सूत्र ने बताया कि निर्माताओं को डॉन 3 से उम्मीदें बहुत ज्यादा हैं। उन्हें बखूबी पता है कि फिल्म के लिए ऐसे चेहरे की जरूरत है, जिसका शानदार करियर रहा हो। जो भी यह जिम्मेदारी संभालेगा, उसे अमिताभ बच्चन (डॉन, 1978) की विरासत को आगे ले जाना होगा। शाहरुख की विरासत को भी, जिन्होंने 2006 और 2011 में फिल्म के किरदार को नए सिरे से पेश किया। देखना होगा कि डॉन 3 को लेकर निर्माताओं का अगला कदम क्या होगा।

### चिरंजीवी और वेंकटेश अभिनीत फिल्म मन शंकर वरप्रसाद गारू का मेगा विक्ट्री मास सॉन्ग हुआ रिलीज

मेगा स्टार चिरंजीवी अपनी आने वाली फिल्म माना शंकरा वरा प्रसाद गारू से फिल्म प्रेमियों का मनोरंजन करने आ रहे हैं। यह फिल्म संक्रांति फेस्टिवल पर 12 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।फिल्म बनाने वालों ने आज, नए साल से पहले, चिरंजीवी और वेंकटेश पर फिल्माया गया बहुप्रतीक्षित गाना रिलीज किया, जिसे कुछ मिनट पहले ही मेगा विक्ट्री मास सॉन्ग के तौर पर प्रमोट किया गया है। इस गाने में चिरंजीवी और वेंकटेश अपने पुराने अंदाज में भीम्स सेसिरोलियो के मास बीट्स पर डांस करते नजर आए।कसरला श्याम ने ऐसे बोल लिखे हैं

## बॉक्स ऑफिस पर तू मेरी मैं तेरा... की घटी कमाई, जानें अवतार और एनाकोंडा का हाल

सिनेमाघरों में इन दिनों तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी, अवतार: फायर एंड ऐश, धुरंधर और एनाकोंडा जैसी फिल्में सजी हैं। वीकएंड के बाद सोमवार को लगभग सभी फिल्मों का कलेक्शन घटा है। वहीं हॉलीवुड फिल्मों पर बॉलीवुड फिल्में भारी पड़ी हैं। आइए जानते हैं इन सभी फिल्मों ने कितना कलेक्शन किया है?कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की अदाकारी वाली फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की वीकएंड के बाद कमाई में काफी गिरावट आई है। सोमवार को फिल्म ने महज 1.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। रविवार को इसने 5 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म ने पांच दिनों में कुल 25.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।हॉलीवुड फिल्म अवतार: फायर एंड ऐश की वीकएंड के बाद कमाई घटी है लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाई है। दूसरे सोमवार को फिल्म ने 4.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। दूसरे रविवार को इसने 10.75 करोड़ रुपये कमाए थे। 11 दिनों में इस फिल्म ने कुल 142.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।वीकएंड के बाद हॉलीवुड फिल्म एनाकोंडा की कमाई लाखों में सिमट गई है। सोमवार को इसने महज 35 लाख रुपये की कमाई की है। रविवार को फिल्म की कमाई 1.05 करोड़ रुपये रही थी। फिल्म का कुल कलेक्शन 4.85 करोड़ रुपये हो गया है।

## आंखों को आकर्षक बनाने के लिए आजमाएं ये 5 मेकअप ट्रिक्स

आंखें चेहरे की सबसे अहम विशेषताओं में से एक हैं और इन्हें सही ढंग से सजाने के लिए मेकअप भी अहम भूमिका निभाता है। हालांकि, अगर आप मेकअप में नई हैं तो आपके लिए यह समझना जरूरी है कि आंखों को कैसे सजाया जाए। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी जरूरी बातें बताते हैं, जिनका ध्यान रखकर आप अपनी आंखों को आसानी से आकर्षक बना सकती हैं।आंखों की क्रीम का करें इस्तेमालअगर आप अपनी आंखों को सही ढंग से सजाना चाहती हैं तो सबसे पहले आंखों की क्रीम का उपयोग करें। यह आंखों के आसपास की त्वचा को नमी देती है और मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करती है। इसके लिए सबसे पहले अपनी उंगलियों से हल्के हाथों से क्रीम को आंखों के नीचे और ऊपर लगाएं। इससे आपकी आंखें ताजगी भरी और चमकीली दिखेंगी, जिससे आपका पूरा लुक निखर उठेगा।आईलाइनर लगाना सीखेंआईलाइनर आपकी आंखों को गहरा और निखारता है। अगर आप आईलाइनर लगाने में नई हैं तो पेंसिल आईलाइनर का उपयोग करें क्योंकि इसे लगाना आसान होता है। सबसे पहले आंखों की पलक पर हल्के हाथ से लाइन बनाएं, फिर उसे धीरे-धीरे फैलाएं ताकि एक समान दिखे। ध्यान रखें कि लाइन पतली हो ताकि आपकी आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखें। अगर आप चाहें तो इसे थोड़ा धुंधला कर सकती हैं ताकि लुक और भी प्राकृतिक लगे।मस्कारा लगाना न भूलेंमस्कारा आपकी पलकें लंबी और घनी दिखाने में मदद करता है। इसे लगाने के लिए सबसे पहले मस्कारा ब्रश को जड़ से लेकर सिरे तक हल्के हाथों से घुमाते हुए लगाएं। इससे आपकी पलकें घनी और लंबी दिखेंगी। अगर आप चाहें तो दूसरी परत भी लगा सकती हैं, लेकिन ध्यान रखें कि ज्यादा भारी न दिखे। इसके बाद नीचे की पलक पर भी हल्के हाथों से मस्कारा लगाएं ताकि आपका लुक पूरा और संतुलित लगे।आईशैडो का सही चयन करेंआईशैडो आपकी आंखों को गहराई और आयाम देता है। शुरुआत करने वालों के लिए हल्के रंग जैसे बेज या भूरे सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये हर त्वचा के रंग पर अच्छे लगते हैं और इसे मिलाना भी आसान होता है। आईशैडो को आंखों की पलक पर हल्के हाथों से लगाएं और इसे अच्छे से मिलाएं ताकि कोई सख्त रेखा न दिखे। इससे आपकी आंखें प्राकृतिक रूप से निखरेंगी और आपका लुक संतुलित रहेगा।

### बिग बॉस की स्टार दिवी वधत्या की पैन इंडिया फिल्म कर्मास्तलम का शानदार फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

समरदनी फिल्म्स और रॉय फिल्म्स के बैनर तले भव्य पैमाने पर निर्मित, कर्मस्थलम का निर्देशन रॉकी शेरमन ने किया है और हर्षा वर्धन शिंदे इसके निर्माता हैं। फिल्म में बिग बॉस फेम दिवी वधत्या एक दमदार केंद्रीय भूमिका में हैं। फिल्म का आकर्षक फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया गया है।

पहले लुक वाले पोस्टर में दिवी को धधकती लपटों और युद्ध में उलझे सैनिकों से घिरे युद्धक्षेत्र में आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है, जिसमें हर छोटी से छोटी डिटेल एक भव्य युद्ध गाथा का एहसास दिलाती है। फिल्म निर्माताओं का कहना है कि फिल्म के शानदार दृश्य, प्रभावशाली बैकग्राउंड स्कोर और बारीक कला डिजाइन कर्मस्थलम की प्रमुख विशेषताएं होंगी।

कर्मास्तलम को एक पैन इंडिया एक्शन फालतूगांजा के रूप में बनाया जा रहा है जिसे देश भर के दर्शकों तक पहुंचने के लिए तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म में प्रमुख भूमिकाओं में अर्चना शास्त्री, चंकी पांडे, अरविंद कृष्णा, प्रिंस सेसिल, किल्ली क्रांति, मिताली चौहान, कालकेय प्रभाकर, वेंकटेश मुम्मिदी, विनोद कुमार अल्वा, बालागम संजय, नाग महेश और दिल रमेश जैसे कलाकार शामिल हैं।

तकनीकी मोर्चे पर, शिरीष प्रसाद संपादन का काम संभाल रहे हैं, जबकि साई कार्तिक फिल्म का संगीत तैयार कर रहे हैं। टीम आने वाले दिनों में और भी रोमांचक घोषणाएं करने की योजना बना रही है।

# महादेव के जयकारों से गूंजा नीलकंठ मेला क्षेत्र

ऋषिकेश संवाददाता. महाशिवरात्रि पर्व पर शनिवार को नीलकंठ धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। ब्रह्म मुहूर्त से ही शिव मंदिर में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया। भक्तों की भीड़ से ऋषिकेश, मुनिकीरेती और स्वर्गाश्रम पूरी तरह से पैक दिखा। शनिवार को तड़के ही मंदिर परिसर में हरिद्वार और आसपास के राज्यों से भोलेभक्तों की जलाभिषेक के लिए कतार लगनी शुरू हो गई थी। बोल बम और हर, हर महादेव के जयकारों से नीलकंठ समेत आसपास का क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। भक्तों ने पहले ऋषिकेश से सटे क्षेत्रों में गंगा स्नान किया, जिसके बाद उन्होंने वाहन और पैदल आस्था की यात्रा शुरू की। पैदल मार्ग पर दिनभर शिवभक्त जत्थों में नीलकंठ में जलाभिषेक के लिए आते-जाते रहे, जबकि, मोटर मार्ग भी वाहनों का दबाव बढ़ा रहा। सुरक्षा में तैनात रहे जवान: श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मेला क्षेत्र में शिविर के माध्यम से भी इंतजाम किए। पुलिसकर्मी भी पैदल और मोटर मार्ग पर जगह-जगह शिवभक्तों की सुरक्षा में तैनात दिखे। मंदिर परिसर में भी शिवभक्तों की भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए पुलिसकर्मी तड़के से लेकर रात तक जुटे दिखे। एसएसपी सर्वेश पंवार ने बताया कि मेला क्षेत्र में ट्रैफिक के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के लिए भी जगह-जगह पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। उन्हें सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं। आज उमड़ेगा भक्तों का रेला: नीलकंठ धाम में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के चलते लाखों श्रद्धालुओं के लिए जलाभिषेक को जुटने की संभावना है, जिसके चलते पुलिस ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। नीलकंठ आवाजाही के दौरान वन-वे व्यवस्था भी लागू की जा सकती है, जिसमें मुनिकीरेती से एंट्री और स्वर्गाश्रम क्षेत्र में बाईपास से बैराज होते हुए वाहनों की निकासी की योजना बनाई गई है। चार पार्किंग भी मेला क्षेत्र में शिवभक्तों के लिए पहले से चिन्हित है, जिसमें शिवभक्तों के वाहनों को फिलहाल भी पार्क कराया जा रहा है। भीड़ में हांफा शहर का ट्रैफिक: नीलकंठ धाम में जलाभिषेक के लिए शनिवार को दोपहिया व अन्य वाहनों में सवार शिवभक्तों में दौड़भाग जैसी स्थिति दिखी।

# छात्रों ने माता पिता का पूजन और परिक्रमा कर लिया आशीर्वाद

ऋषिकेश संवाददाता. विद्या भारती के विभिन्न स्कूलों में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता की आरती उतारी और पूजा के साथ परिक्रमा कर आशीर्वाद भी लिया। वक्ताओं ने बच्चों को मातृ-पितृ पूजन की महत्ता और भारतीय संस्कारों के प्रति जागरूक किया। ढालवाला स्थित पुष्पा वडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसएनएल के सेवानिवृत्त एसडीओ गजेंद्र उनियाल एवं प्रधानाचार्य विजय बड़ोनी, प्रबंधक हर्षमणि व्यास ने किया। गजेंद्र उनियाल ने कहा कि यह क्षण विद्यार्थियों के लिए सुखद है। छात्र माता-पिता के प्रति अपने कर्तव्यों का पूर्ण रूप से निर्वहन करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए छात्र लक्ष्य निर्धारित कर पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें। प्रधानाचार्य विजय बड़ोनी ने कहा कि बच्चे संस्कारी हों, इसके लिए मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया जाता है। इस दौरान छात्रों ने अपने अपने माता-पिता का पूजन कर उनकी आरती उतारी। मौके पर शिक्षक जयेंद्र प्रसाद चमोली, रुचिता सिलस्वाल, विपिन भट्ट, राकेश कुलियाल, आराधना सिंह, ममता सेमवाल, पूनम बिष्ट, अचला देवी, रोशनी देवी, शारदा देवी, भारती देवी, राजकुमारी जोशी, राज बलम पासवान, उर्मिला देवी, कुमकुम देवी, रचना रावत, पूनम देवी, सुमित्रा देवी, रुचिता, आशा देवी, लक्ष्मी देवी, विजय चंद, विशाल मणि पैन्यूली, आदेश कुमार, सुनीता देवी, पूजा गोसाईं, नीलम नौटियाल आदि उपस्थित रहे। उधर, जयदेव प्रसाद उमादत्त कुड़ियाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चौदहबीघा में आयोजित मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने अपने माता पिता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष रोशन रतूड़ी, प्रधानाचार्या रजनी रावत, प्रदीप रावत, दुर्गा प्रसाद थपलियाल, सतीश रतूड़ी, शांति प्रकाश पांडेय, विक्रम भास्कर, कविता नेगी, कविता ध्यानी, लक्ष्मी जोशी, रेनू भट्ट, अर्चना उनियाल, विनीता बिजल्वाण, उषा घिल्डियाल आदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार...

### दून के नए एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने संभाला चार्ज, कानून व्यवस्था व महिला सुरक्षा पहली प्राथमिकता

देहरादून संवाददाता. नए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रमेंद्र डोभाल ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि राजधानी में कानून व्यवस्था, ट्रैफिक सुधार और महिला सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि पुलिसिंग में सुधार दिखेगा और फोर्स का मनोबल हमेशा ऊंचा रखा जाएगा। एसएसपी ने स्वीकार किया कि देहरादून में डेमोग्राफिक बदलाव एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सत्यापन पर अपेक्षित ध्यान न देने के कारण जो त्रुटियां हुई हैं, उन्हें सुधारा जाएगा। अब सत्यापन अभियान पूरी सख्ती से चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सांप्रदायिक माहौल खराब करने वालों के खिलाफ श्जीरो टॉलरेंसश की नीति अपनाई जाएगी। अपराध नियंत्रण पर उन्होंने कहा कि विक्रम शर्मा हत्याकांड का जल्द खुलासा किया जाएगा। जमीनों की धोखाधड़ी रोकने के लिए लैंड फ्रॉड कमेटी के माध्यम से सख्त कार्रवाई होगी और किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। अवैध हथियारों की सप्लाई पर भी नकेल कसी जाएगी। एसएसपी डोभाल ने दो टूक कहा कि पुलिस पर किसी भी प्रकार का राजनीतिक या सामाजिक दबाव नहीं है और पुलिस निष्पक्ष होकर कार्य करेगी।

### बिगड़ती कानून व्यवस्था पर राज्य आंदोलनकारियों ने जताया रोष

देहरादून संवाददाता. उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच की ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर रोष जताया। शनिवार को शहीद स्मारक पर प्रदेश में हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई। साथ ही सख्त कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी, संयुक्त नागरिक संगठन के दिनेश भण्डारी और शिवराज सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ रही हत्याओं और आपराधिक घटनाओं से जनता में भय और आक्रोश का माहौल है। उन्होंने कहा कि देवभूमि की छवि पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है।प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती, युद्धवीर सिंह चौहान और ताराचन्द गुप्ता ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान से बने उत्तराखंड में आज अपराध और भू-माफियाओं का प्रभाव बढ़ना चिंताजनक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए। बैठक में मांग की गई कि अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सचिव स्तर के अधिकारी जिलों और कस्बों में जाकर फीडबैक लें तथा लापरवाह कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। सत्यापन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सख्ती बढ़ाने की भी मांग उठाई गई। द्वारिका बिष्ट, तारा पाण्डे और सुलोचना भट्ट सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में चोरी, लूट, गोलीकांड और भूमि विवाद बढ़ रहे हैं, जबकि पुलिस व्यवस्था और पीसीआर सेवाएं पर्याप्त रूप से सक्रिय नहीं हैं। बैठक में केशव उनियाल, जितेंद्र अंथवाल, अवधेश शर्मा, विशंभर दत्त बौंठीयाल, गणेश डंगवाल, हरी सिंह मेहर, मनोज नौटियाल, सत्या कण्डवाल, सुरेश नेगी, पुष्पलता सिलमाणा, अरुणा थपलियाल, राजेश्वरी नेगी, विमला रावत, हरीश पंत, गिरीश चन्द भट्ट, सरोज कण्डवाल, शांति कैन्तुरा, हरिओम ओमी, सतेन्द्र नौगाईं सहित अनेक आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

# दस कथाकारों की कहानियों का गुनियाल गांव इंटर कॉलेज में विमोचन

देहरादून संवाददाता. बच्चों के लिए रचे जा रहे साहित्य को उन तक ले जाने के लिए कोना कक्षा का अभियान और धाद संस्था ने शनिवार को इंटर कॉलेज गुनियाल गांव में कहानी संकलन का विमोचन और संवाद का आयोजन किया। 'कोना किताब का' प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक में उत्तराखंड के दस प्रतिष्ठित कथाकारों द्वारा बच्चों के लिए लिखी गयी कहानी संकलित की गयी हैं। आयोजन का विचार पक्ष रखते हुए कोना कक्षा का के मुख्य संयोजक गणेश चंद्र उनियाल ने कहा कि धाद संस्था ने अपने अभियान को देश दुनिया के श्रेष्ठ साहित्य को हरेक स्कूल के छात्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। स्थानीय संदर्भ देते हुए उत्तराखंड के कथाकारों द्वारा बच्चों के लिये लिखी कहानियों को एक संकलन में पिरोया है। किताब की संपादक डॉ. विद्या सिंह ने कहा कि ये कहानियां जीवन के अलग-अलग पक्ष को ध्यान में रख कर संकलित की गयी हैं। प्रबंध संपादक कल्पना बहुगुणा ने कहा ये कहानियां बच्चों की कल्पना शक्ति को प्रोत्साहित करेंगी। स्कूल के बच्चों ने कहानी की समीक्षा और पाठ किया। संकलन में सुरेन्द्र सेमल्टी, डॉ. आशा रावत, जीतेन्द्र शर्मा, जीतेन ठाकुर, बल्लभ डोभाल, देवेन्द्र मेवाड़ी, सुरेश उनियाल, शमा खान, डॉ. दिवा भट्ट की कहानियां शामिल हैं। संचालन कोना कक्षा का संयोजक आशा डोभाल ने किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील जोशी, डॉ. जयवंती डिमरी, शिक्षक संजय उनियाल, डॉ. मनोरमा नौटियाल, राघवेंद्र वर्मा, जयंती उनियाल, साक्षी कुकरेती, कल्पत चौहान, रमणीता सिंह, अंजना चौहान, दीपमाला भारती, बबीता बहुगुणा, सोनल शर्मा, तन्मय ममगाईं, ममता डोभाल मौजूद रहे।

### देहरादून में एसएससी परीक्षा में हाईटेक नकल का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

देहरादून संवाददाता. उत्तराखंड एसटीएफ ने एसएससी मल्टी-टास्किंग परीक्षा में हाईटेक नकल कराने वाले गिरोह का बड़ा पर्दाफाश किया है। एमकेपी इंटर कॉलेज स्थित श्महादेव डिजिटल जोनश सेंटर पर एसटीएफ (उत्तराखंड व यूपी) ने संयुक्त छापेमारी की। हैरान करने वाली बात यह है कि सेंटर के यूपीएस रूम में जमीन के अंदर गड्ढा (चौंबर) बनाकर वहां से लैपटॉप के जरिए अभ्यर्थियों के सिस्टम का रिमोट एक्सेस लिया जा रहा था। गिरोह पास कराने के बदले अभ्यर्थियों से 10-10 लाख रुपये वसूलता था। मौके से नीतिश कुमार और भास्कर नैथानी को गिरफ्तार कर लैपटॉप व राउटर जब्त किए गए हैं। सेंटर को सील कर आरोपियों पर सख्त नकल विरोधी कानून के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### रायवाला के प्रतीतनगर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**- हिन्दू सनातन के बिना नहीं हो सकती भारती की कल्पना: पवन**

ऋषिकेश संवाददाता. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर शनिवार को रायवाला के प्रतीतनगर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हिंदू एकता का स्वर गूंजा। वक्ताओं ने हिंदू धर्म, संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत सेवा प्रमुख पवन ने कहा कि हिंदू सनातन के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती और इस तथ्य को पूरा विश्व स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि बिना सत्संग के विवेक नहीं होता और यह राम के बिना संभव नहीं है। उनका कहना था कि ईश्वर भी शक्तिशाली और संगठित लोगों की सहायता करते हैं। कलयुग में जो संगठित रहेगा, वही विजयी होगा। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों में धर्म, संस्कृति और संस्कारों के प्रति स्वाभिमान जागृत करने का आह्वान किया। उन्होंने चिंता जताई कि हम अपनी पारंपरिक बोली और खानपान को भूलते जा रहे हैं। पहली रोटी गाय को देना हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है।केशव स्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि हिंदू जागेगा तभी हिंदू राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज समाज सोशल मीडिया में व्यस्त है, जबकि आक्रांता हमारे समाज और संस्कृति को नुकसान पहुंचाने में लगे हैं। उन्होंने बताया कि बलिराम हेडगेवार ने हिंदू समाज को जागृत करने के उद्देश्य से ही आरएसएस की स्थापना की थी। डॉ. सुनैना रावत ने कहा कि बालिकाओं को माता सीता के आदर्शों का पालन करने की शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को समय दें और उन्हें अच्छे संस्कार प्रदान करें, अन्यथा कोई और उन्हें गलत दिशा में ले जा सकता है। हमें अपने गौरवशाली इतिहास को सदैव स्मरण रखना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधक: वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com